# आपको यह स्पष्ट करते हुए “सद्भाव अनुमान” प्राप्त करने का अधिकार है कि आपकी चिकित्सा देख-रेख पर कितना खर्च आएगा।

**क़ानून के तहत, स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं द्वारा उन रोगियों को चिकित्सकीय वस्तुओं और सेवाओं के बिल का अनुमान उपलब्ध कराने की आवश्यकता होती है जिनके पास बीमा नहीं है या जो बीमा का उपयोग नहीं कर रहे हैं।**

- आपको किसी भी ग़ैर-आपातकालीन वस्तुओं या सेवाओं की कुल अपेक्षित लागत के लिए सद्भाव अनुमान प्राप्त करने का अधिकार है। इसमें चिकित्सा परीक्षण, नुस्खे की दवाइयाँ, उपकरण और चिकित्सालय शुल्क जैसी संबंधित लागतें शामिल हैं।

- सुनिश्चित करें कि आपका स्वास्थ्य सेवा प्रदाता आपकी चिकित्सा सेवा या वस्तु से कम से कम 1 कार्य-दिवस पहले लिखित रूप में आपको सद्भाव अनुमान उपलब्ध कराता है। आपके किसी वस्तु या सेवा को निर्धारित करने से पहले आप अपने स्वास्थ्य सेवा प्रदाता, और अपनी पसंद के किसी अन्य प्रदाता से भी सद्भाव अनुमान माँग सकते/ती हैं।

- यदि आपको अपने सद्भाव अनुमान से कम से कम $400 अधिक का कोई बिल मिलता है, तो आप बिल को विवादित कर सकते/ती हैं।

- अपने सद्भाव अनुमान की एक प्रति या चित्र सहेजना सुनिश्चित करें। सद्भाव अनुमान के अपने अधिकार के बारे में प्रश्नों या अधिक जानकारी के लिए www.cms.gov/nosurprises पर जाएँ

यदि आगामी अपॉइंटमेंट के लिए आपको प्राप्त चिकित्सालय अनुमान के बारे में आपके कोई प्रश्न हों, तो कृपया अनुमान के नीचे दिए गए नंबर पर कॉल करें।

यदि अपने बिल के बारे में आपके कोई प्रश्न हों, तो कृपया अपनी बिलिंग विवरणी पर दिए गए नंबर पर कॉल करें।

Sutter Health

22-SHSO-0000373